प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 01.11.2025

मुख्य समाचारः–

- छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर नवा रायपुर में आयोजित रजत महोत्सव में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी–चौदह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

- प्रधानमंत्री ने राज्य के नये विधानसभा भवन के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण किया।

- श्री मोदी ने नवा रायपुर में ब्रम्हकुमारी के शांति शिखर का उद्घाटन करने के साथ ही श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में करीब ढाई हजार बच्चों के साथ की 'दिल की बात'।

- देवउठनी एकादशी का पर्व आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़–01

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं, जब छत्तीसगढ़ सहित देश का हर हिस्सा माओवादी आतंक से मुक्त हो जाएगा। आज छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रायपुर में आयोजित राज्योत्सव–छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि माओवादी आतंक के कारण लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाके, सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश को नक्सलवाद की समस्या से मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इसी का नतीजा है कि ग्यारह साल पहले जहां देश में एक सौ पच्चीस जिले माओवाद आतंक की चपेट में थे। वहीं, अब सिर्फ तीन जिलों में ही नक्सल समस्या का थोड़ा प्रभाव बचा हुआ है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने चौदह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं मुख्य रूप से सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब साढ़े तीन लाख परिवारों ने अपने पक्के मकानों में प्रवेश किया।

रजत महोत्सव के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और तोखन साहू तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव सहित अनेक मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़–02

छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने नवा रायपुर में राज्य के नये विधानसभा भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश विरासत और विकास को साथ लेकर चल रहा है। यह भावना केन्द्र सरकार के हर निर्णय और नीति में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि भारत की यह सोच छत्तीसगढ़ विधानसभा के इस नये भवन में झलकती है। यह भवन राज्य की समृद्ध संस्कृति का प्रतिबिंब है।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने नवा रायपुर में शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़–03

वहीं, प्रधानमंत्री ने नवा रायपुर में स्थित श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल पहुंचकर "दिल की बात" कार्यक्रम के तहत करीब ढाई हजार बच्चों के साथ संवाद भी किया। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित इन बच्चों का इस अस्पताल में निःशुल्क सफल इलाज किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इन बच्चों को जीवन का उपहार प्रमाण–पत्र सौंपा।

अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने नवा रायपुर में ब्रम्हकुमारी के शांति शिखर का भी उद्घाटन किया। यह आध्यात्मिक शिक्षा, शांति और ध्यान का आधुनिक केन्द्र है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास से देश का विकास होता है। इसी मंत्र पर चलते हुए वे भारत को विकसित बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस–शुभकामना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के पच्चीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति के प्रति समर्पित छत्तीसगढ़ आज प्रगति के नए

मानदंड स्थापित कर रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि जो क्षेत्र कभी नक्सलवाद से प्रभावित थे, वे अब विकास की दौड़ में अग्रसर हैं।

वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी अस्मिता, आस्था और गर्व का प्रतीक हैं।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस–हाईकोर्ट

---

राज्य गठन के साथ ही छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के भी पच्चीस वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर आज बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बीते पच्चीस वर्षों में न्याय को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया है।

इस अवसर पर धमतरी जिला न्यायालय और कुरूद व्यवहार न्यायालय में नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का वर्चुअल उद्घाटन किया गया।

छत्तीसगढ़–आकाशवाणी समाचार

---

छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी समाचार के प्रादेशिक बुलेटिन के प्रसारण के पच्चीस वर्ष पूरे हो गए हैं। एक नवंबर दो हजार को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा छत्तीसगढ़ में पहले प्रादेशिक बुलेटिन का प्रसारण किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई थी, उसी दिन आकाशवाणी समाचार के प्रादेशिक बुलेटिन की शुरुआत ने छत्तीसगढ़ की जनभाषा और संवाद परंपरा को नई दिशा देने वाला अध्याय जोड़ा। श्री साय ने कहा कि आकाशवाणी समाचार ने इन पच्चीस वर्षों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के हर पड़ाव को अपनी आवाज दी

है। प्रारंभ में हिंदी में शुरू हुआ यह बुलेटिन आज चार भाषा और बोलियों – हिंदी, छत्तीसगढ़ी, हल्बी और गोंडी में समाचार और समसामयिक कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है। यह बहुभाषिक प्रसारण छत्तीसगढ़ की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक अस्मिता को सम्मान देने का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी समाचार ने सदैव 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के अपने ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए शहरी, ग्रामीण और जनजातीय इलाकों में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन और लोककल्याण की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने में आकाशवाणी समाचार का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आकाशवाणी समाचार आने वाले वर्षों में भी अपनी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और लोकाभिमुख दृष्टिकोण के साथ जनसेवा के इस दायित्व को और अधिक सशक्त रूप से निभाता रहेगा।

देवउठनी एकादशी

देवउठनी एकादशी का पर्व आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में इसे जेठौनी और छोटी दीपावली के रूप में भी जाना जाता है। इस मौके पर घरों में तुलसी और भगवान शालीग्राम का प्रतीकात्मक विवाह किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

एसआईआर–भेंटवार्ता

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में आज सुबह राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार से ली गई भेंटवार्ता की पहली कड़ी

प्रसारित की गई थी। इस भेंटवार्ता की दूसरी और अंतिम कड़ी कल रविवार सुबह नौ बजकर पंद्रह मिनट से प्रसारित की जाएगी। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

<><><><><><>